कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के बाद अब 20 अप्रैल से पहले फोरलेन सड़क का होगा निर्माण

2




## खबर संक्षेप

### आकांक्षा आवासीय कोचिंग संस्थान : कक्षा 11वीं में प्रवेश आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** आकांक्षा कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2026-27 में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग, मेडिकल से संबंधित प्रवेश परीक्षाओं में सफल होने हेतु 2 वर्षीय पाठ्यक्रम हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी आकांक्षा कार्यक्रम ने बताया कि आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। लिखित परीक्षा की तिथि के संबंध में पृथक से सूचना जारी किया जावेगा। आवेदन पत्र सीधे आकांक्षा आवासीय विद्यालय जिला पंचायत परिसर जांजगीर चांपा में जमा किया जा सकता है अथवा इस कार्यालय के वेबसाईट से ऑनलाईन जमा किया जा सकता है। आकांक्षा कार्यक्रम अंतर्गत अध्ययन हेतु इच्छुक छात्र/छात्रायें नियम एवं शर्तों तथा आवेदन पत्र से संबंधित जानकारी के लिए जिले के वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं अथवा आकांक्षा आवासीय विद्यालय जिला पंचायत परिसर जांजगीर-चांपा से भी संपर्क कर सकते है। इसके बाद आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हिर्री का मामला

# पिता ने ले ली मासूम बेटे की जान, पत्नी से हुआ विवाद तो सिर पर दे मारी ईंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पत्नी से किसी बात को लेकर हुए विवाद से सिरफिरे पिता ने अपने ही डेढ़ साल के मासूम बच्चे के सिर पर ईंट दे मारी। घटना में लहू लुहान हुए मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने आरोपी पिता को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के हिर्री गांव की है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हिर्री निवासी 35 वर्षीय शिवाजी निषाद बुधवार 25 मार्च की सुबह 10 बजे घर पर अपनी पत्नी से खाना मांगा, नहीं मिलने पर गुस्से आ गया। इस दौरान उसने खाट पर लेटे अपने ही डेढ़ साल के मासूम बेटे अनुराग को उठा लिया। घरवाले कुछ समझ पाते कि बच्चे को अपने साथ लेकर घर के पास ही रखे ईट को पकड़ा और मासूम के सिर पर दे मारा। इस बीच बच्चों की दादी बचाव करने पहुंची तो आरोपी ने उस पर भी ईट से हमला कर दिया, जिससे वह भी घायल हो गई। इतने में वहां चीख पुकार मच गई। जिसे सुनकर आसपास के लोग भी इकट्ठे हो गए परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से आरोपी शिवाजी को पकड़ लिया और तत्काल पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही पामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना की पूरी जानकारी ली और आरोपी शिवाजी को हिरासत में ले लिया। इस बीच पुलिस ने एफ एस एल की टीम को भी बुलाया। पुलिस के मुताबिक आरोपी शिवाजी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पुलिस ने आरोपी शिवाजी निषाद को धारा 103 (1), 115 (2) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर लिया है।



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस टीम व इंसेट में आरोपी।

# रेत के अवैध परिवहन पर कार्रवाई

## 13 हाईवा व 3 ट्रैक्टर की बनाई जब्ती

### पुलिस, राजस्व एवं खनिज विभाग की टीम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन रोकने उडनदस्ता टीम द्वारा कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत मामला पाए जाने पर 16 वाहनों को जब्त किया गया है। इस तरह हो रही कार्रवाई से खनिज माफियाओं में हडकंप मचा हुआ है।

ज्ञात हो कि बुधवार 25 मार्च को कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर रोकथाम हेतु राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानो की औचक जांच की गई। इस दौरान 16 वाहनों को जब्त किया गया। खनिज अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान रेत के अवैध परिवहन करते पाये जाने पर अकलतरा क्षेत्र में 6 हाईवा, चांपा के हथनेवरा में 6 हाईवा व 3 ट्रैक्टर एवं पामगढ़ क्षेत्र में 1 हाईवा को जब्त कर कार्रवाई की गई। खनिजो के अवैध परिवहन के दर्ज प्रकरणों पर अवैध परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध खांन एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री महोबे के निर्देशन में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के संबंध में खनिज विभाग द्वारा निरंतर जांच कार्यवाही की जा रही है, जो कि निरंतर जारी रहेगी।




जब्त वाहन के साथ उडनदस्ता टीम।

## आधी रात को अफसरों ने दी दबिश, 10 वाहनों को किया जब्त

**सक्ती।** खनिज के अवैध उत्खनन व परिवहन रोकने आधी रात को उडनदस्ता टीम ने महानदी तट पर दबिश दी। इस बीच अवैध परिवहन के कार्यों में लगे 10 वाहनों को जब्त किया गया है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में डभरा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विनय कुमार कश्यप एवं तहसीलदार मनमोहन प्रताप सिंह के नेतृत्व में राजस्व टीम ने 24 मार्च की मध्य रात्रि ग्राम कलमा महानदी तट पर अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की।




कार्रवाई के दौरान मौके पर अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर 2 पोकलेन मशीन एवं 8 डंपर जब्त कर चंद्रपुर थाने में सुपुर्द किया गया। इस संयुक्त कार्रवाई में राजस्व अमला एवं पुलिस की टीम शामिल रही। टीम में पटवारी देव कश्यप, हरिशंकर पटेल, हरमेंद्र वारे, लखनपुरी, मुकेश रमन, अंकितेश पटेल, लोकेश पटेल, चितरंजन महिलांगे एवं रामकुमार रात्रे उपस्थित रहे।

# रास्ता रोककर लूट करने वाला फरार आरोपी दो माह बाद चढ़ा पुलिस के हत्थे


हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मुलमुला थाना क्षेत्र के कोसा रोड में रास्ता रोककर लूट पाट करने वाला फरार आरोपी दो माह बाद पुलिस के हत्थे चढ़ गया। मामले में एक अन्य आरोपी की पहले गिरफ्तारी हो चुकी है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 9 जनवरी की रात्रि करीब 8.30 बजे ग्राम खपरी निवासी वीरू कुर्रे अपने चचेरे भाई संतकुमार कुर्रे के साथ मोटर साइकिल से लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम कोसा में मुख्य मार्ग पर मोटर साइकिल सवार दो युवकों ने रास्ता रोककर गाली- गलौच व मारपीट करते हुए उनसे 35 सौ रुपए व दो मोबाइल फोन लूट लिए। रिपोर्ट पर थाना मुलमुला में धारा 126(2), 309(4), 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम कोसा निवासी विकास भंडारी उर्फ चकरी उम्र 20 वर्ष को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। वहीं प्रकरण के फरार आरोपी संदीप बंदे निवासी कोसा पचरीपारा को बुधवार 25 मार्च को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एवं लूट रकम में से 5 सौ रुपए नगदी बरामद कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी पारस पटेल, सउनि प्रमोद कुमार महार, प्रधान आरक्षक राजमणी द्विवेदी, अनिल अजगल्ले का योगदान रहा।




## खबर संक्षेप



### बिरदा में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा श्रवण करने पहुंचे विधायक

**हरदीबाजार।** बिरदा में आयोजित श्रीमद् शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल शामिल होकर कथा श्रवण किए। इस पावन अवसर पर कथा वाचक पंडित श्री प्रणव महाराज के श्रीमुख से भगवान शिव की महिमा का रसपान रजवाड़े परिवार द्वारा आयोजित धार्मिक आयोजन श्री शिवमहापुराण कथा 19 से 26 मार्च तक दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक उपस्थित श्रोताओं व क्षेत्रवासियों को अनवरत श्रवण कराया जा रहा है। विधायक प्रेमचंद पटेल ने पूजा-अर्चना कर महराज से आध्यात्मिक ज्ञान का श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक श्री पटेल ने कहा कि शिव महापुराण कथा जैसे दिव्य आयोजन समाज में धर्म, आस्था, संस्कार एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा लोगों को सदाचार एवं धर्ममार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति एवं सदस्य विनोद कुमार यादव, ललित कुमार राजवाड़े , युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक राजवाड़े, मन्नु राठौर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

### रैम्प योजनान्तर्गत उद्योग बैंकर्स बैठक संपन्न



**कोरबा।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा संचालित रैम्प योजना के अंतर्गत जिले के उद्योगों एवं बैंकर्स की बैठक का आयोजन कावेरी होटल डीडीएम स्कूल रोड में किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की औद्योगिक नीति 2025-30 के तहत उपलब्ध विभिन्न सब्सिडी एवं आर्थिक सहायता संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, विभागीय हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित बैंकों में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु उपस्थित बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान योजनाओं की प्रगति को लेकर विभिन्न बैंकों के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए यूको बैंक कोरबा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक, लीड बैंक अधिकारी, उद्योगपति तथा विभिन्न बैंकों के प्रबंधक उपस्थित रहे।

### भाजपा जिला अजा मोर्चा की परिचात्मक बैठक संपन्न



**कोरबा।** जिला भाजपा के अजा मोर्चा की अध्यक्ष, पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षकों व कार्यकारिणी सदस्यों का परिचात्मक बैठक भाजपा कार्यलय में सम्पन्न हुआ। बैठक में महापौर संजू देवी राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंग, अजा मोर्चा के प्रदेश मंत्री सरजू अजय, जिला महामंत्री अजय विश्वकर्मा, मोर्चा के अध्यक्ष राजेश लहरे, उपस्थित रहें। कार्यक्रम कों सम्बोधित करते महापौर नें कहा कि पार्टी में पद छोटा या बड़ा नहीं होता, कार्यकर्त्ता बड़ा होता है। आप सभी संगठन के कार्यो कों मजबुती प्रदान करें। डॉ संजीव सिंह ने कहा कि अजा मोर्चा भाजपा पार्टी का मुख्य अंग है आप सब जमीनी स्तर पर पार्टी के लिए काम करते हर वर्ग को जोड़ना है। सरजू अजय ने कहा कि पार्टी नें कमान सौंपा है युवा नेतृत्व को सौंपा है आप सभी कों विश्व की सबसे बडी पार्टी मे काम करने का अवसर मिला है।

# ग्रामीण अंचलों में भी सड़कों के किनारे से हटाए जाएंगे बेजाकब्जे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहरों की तर्ज पर ग्रामीण अंचलों की प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण की भी तैयारी चल रही है। कुछ सड़कों के लिए टेंडर जारी होने के साथ ही निर्माण की प्रक्रिया भी शुरु हो गई है। ऐसी सड़कों के किनारे किए गए बेजाकब्जा को हटाने की कार्यवाही की जाएगी। कोरकोमा बताती मार्ग के चौड़ीकरण का काम शुरु हो चुका है। सबसे पहले कार्यवाही इस मार्ग से शुरू होगी। मार्ग के किनारे बेजाकब्जा का चिन्हांकन कर लिया गया है।

अलग खबर

ग्रामीण अंचलों में जैसे जैसे सड़कों का जाल बिछता जा रहा है उसके किनारे शासकीय जमीनों में शहरों की तर्ज पर बेजाकब्जा भी बढ़ने लगे हैं। यहां तक कि इन सड़कों के चौक चौराहे भी बेजाकब्जाधारियों की चपेट में है जिससे कई बार चौक चौराहो में ही हादसे होने लगे हैं। कार्यवाही नहीं होने की वजह से शहर के लोग भी अब ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों के किनारे कब्जा कर दुकान खड़ी करने लगे हैं। अब तक इस ओर किसी की नजर नहीं जाने की वजह से धीरे धीरे बेजाकब्जा बढ़े हैं। पिछले दिनों राजस्व विभाग की बैठक में कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों के किनारे बेजाकब्जा को भी गंभीरता से लिया था। इन सड़कों में फिलहाल कोरकोमा पसरखेत बताती मार्ग प्रमुख रुप से शामिल हैं जिसके चौड़ीकरण का काम शुरु हो चुका है। इस सड़क के किनारे शासकीय स्कूल के समीप सड़क के दोनों ओर से लेकर बताती चौक और पसरखेत चौक में भी बेजाकब्जा तेजी से बढ़े हैं। चौड़ीकरण में ये बेजाकब्जाधारी आड़े आ रहे हैं।

### मुख्य सड़कों के चौड़ीकरण की तैयार हुई योजना

**कोरकोमा पसरखेत बताती मार्ग में जमे हैं बेजा-कब्जाधारी**



#### शासकीय कार्यों के लिए जमीन होगी आरक्षित

ग्रामीण क्षेत्रों में अब मुख्य मार्ग के किनारे रिक्त शासकीय जमीनों सरकारी कार्यों के लिए आरक्षित होगी। इनमें यात्री प्रतिक्षालय के निर्माण से लेकर मार्ग के दोनों ओर पौधारोपण एवं नाली का निर्माण सहित हाईटेंशन केबल के लिए बिजली के पोल गाड़ने का कार्य भी किया जाएगा। जिसके लिए शासकीय जमीनों को बचाना प्रशासन के लिए आवश्यक हो गया है।

### जनहित के मुद्दे को लेकर कांग्रेसियों का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, मिला लिखित आश्वासन

# कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के बाद अब 20 अप्रैल से पहले फोरलेन सड़क का होगा निर्माण



चक्काजाम करते कांग्रेसी एवं क्षेत्रवासी।



एसईसीएल के अधिकारियों से चर्चा करते हुए कांग्रेस पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला चौक से इमलीछापर चौक होते हुए कुचेना मोड़ तक फोरलेन सड़क निर्माण एवं कुसमुंडा के इमलीछापर चौक पर ओवरब्रिज निर्माण पुनः शुरु करने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए आखिरकार एसईसीएल प्रबंधन एवं जिला प्रशासन ने 20 अप्रैल के पहले फोरलेन सड़क निर्माण शुरु करने का लिखित आश्वासन दिया जिसके बाद कांग्रेसियों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। हालांकि ओवरब्रिज निर्माण कार्य का मामला न्यायालय में सुलझने के बाद निर्माण कार्य शुरु करने की बात कही गई है।

उल्लेखनीय है कि सर्वमंगला चौक से इमलीछापर चौक होते हुए कुचेना मोड़ तक फोरलेन सड़क निर्माण एवं कुसमुंडा के इमलीछापर चौक पर ओवरब्रिज निर्माण पुनः प्रारंभ कराने और राहगीरों को राहत दिलाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला कांग्रेस के शहर अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर के नेतृत्व मे एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस के इस विरोध प्रदर्शन को कुसमुंडा व्यापारी संघ एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित क्षेत्रवासियों का व्यापक समर्थन मिला। यहां बताना होगा कि आम जनता को हो रही भारी परेशानियों को मद्देनजर रख, जिला एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के द्वारा पूर्व घोषणा के अनुसार मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया गया और देखते ही देखते लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और चक्का जाम जैसी स्थिति निर्मित हो गई थी, हालांकि पुलिस प्रशासन ने स्थिति को अपने नियंत्रण में ले लिया था। सुबह 9 बजे से शाम 4 तक क्षेत्रवासियों के साथ धरने पर डटे कांग्रेसियों ने आखिरकार एसईसीएल प्रबंधन के साथ साथ जिला प्रशासन को झुकने पर विवश कर दिया। 20 अप्रैल से पूर्व फोरलेन सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करा देने के लिखित आश्वासन एवं समझौते के बाद ही धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया। निगम में नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहु ने धरना प्रदर्शन के दौरान कहा कि पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने न केवल सर्वमंगला चौक से इमलीछापर चौक होते हुए कुचैना मोड़ तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कराने में अपनी महती भूमिका निभाई थी बल्कि शहर की कई महत्वपूर्ण जर्जर सड़कों का भी अपने प्रयासों से राशि उपलब्ध कराया था। इस दौरान धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेताओं को अवगत कराया गया कि फिलहाल ओवरब्रिज का निर्माण न्यायालय में लंबित है । जिसका निराकरण होते ही इसका भी निर्माण कार्य तत्काल शुरू करा दिया जाएगा। धरना प्रदर्शन में मनोज चौहान, बसंत चंद्रा, नत्थुलाल यादव, राजेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र तिवारी, एडी जोशी, गीता गभेल, नवीन कुकरेजा, संजय आजाद, कृपाराम साहु, अशोक राठौर, राकेश पंकज, रवि चंदेल, गोरेलाल यादव, सनीष कुमार, मधुसुदन दास, रवि बरेठ, ममता अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

#### अनिश्चितकालीन हड़ताल की जगह एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर ने धरना प्रदर्शन के दौरान कहा है कि पिछले 2 साल से भी अधिक समय से सर्वमंगला चौक से इमलीछापर चौक होते हुए कुचैना मोड़ तक फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य ठप पड़ा है, वहीं कुसमुंडा के ईमलीछापर चौक पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य भी अधुरा पड़ा है, इस कारण से 2 सालों से लोंगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में पिछले दो वर्षो से पार्षद गीता गभेल आवाज उठाती रही हैं, बावजूद प्रशासन ने कोई कारगर कदम नहीं उठाया। जिसके बाद पार्षद श्रीमती गीता गभेल ने विगत दिनों प्रशासन को पत्र प्रेषित कर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का ऐलान किया था, लेकिन प्रदर्शन के एक दिन पहले पार्षद गीता गभेल के पुत्र एवं पुत्री सड़क दुर्घटना में घायल हो जाने के कारण अनिश्चितकालीन हड़ताल के बजाए एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।

#### जाम से राहत दिलाने पांच कर्मी रहेंगे तैनात

समझौते के दौरान लिखित आश्वासन दिया गया है कि प्रतिदिन की जाम से राहत दिलाने के लिए भारी वाहनों को ऊपर के रास्ते भेजा जाए। इसके लिए एसईसीएल प्रबंधन की ओर से पांच कर्मचारी तैनात रहेंगे। 10 अप्रैल तक कुचैना मोड़ से ईमलीछापर ओवरब्रिज तक डामरीकरण का कार्य पूरा हो जाएगा, वहीं कुचैना मोड़ से सर्वमंगला चौक तक स्ट्रीट लाईट एवं साईन बोर्ड पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 10 अप्रैल तक लगाया जाएगा। समझौता में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि यह आंदोलन जनहित के लिए जरूरी हो गया था, इसलिए किसी व्यक्ति विशेष पर अपराध दर्ज नहीं किया जाएगा। समझौता पत्र पर प्रशासन की ओर से दीपका तहसीलदार अमित केरकेट्टा, पीडब्लयूडी के एसडीओ प्रदीप कुमार मरकाम एवं इंजीनियर प्रदीप कुमार कश्यप, एसईसीएल के एचआर हेड सुनील कुमार एवं ठाकुर आलोक सिंह ने हस्ताक्षर किये हैं।

### इतवारी- कोरबा के बीच 28 मार्च तक चलेगी स्पेशल ट्रेन

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने चैत्र नवरात्रि के दौरान डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में लगने वाले मेले में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-कोरबा के बीच मेमू स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी 23 से 28 मार्च तक चलेगी। इस दौरान यह ट्रेन 63 स्टेशनों पर रुकेगी और 14 घंटे 30 मिनट में पूरी दूरी तय करेगी। रेलवे प्रशासन के अनुसार ट्रेन नंबर 06883 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)–कोरबा मेमू स्पेशल सुबह 5 बजे इतवारी से रवाना होगी और मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुए शाम 7.30 बजे कोरबा पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 06884 कोरबा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू स्पेशल कोरबा से सुबह 5.10 बजे रवाना होकर निर्धारित स्टेशनों पर रुकते हुए शाम 7.30 बजे इतवारी पहुंचेगी। इतवारी से चलकर ट्रेन सुबह 9.06 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी और 9.11 बजे आगे के लिए रवाना होगी। वापसी में कोरबा से आने वाली ट्रेन दोपहर 1.41 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी और 5 मिनट ठहराव के बाद इतवारी के लिए रवाना होगी।

### पानी तथा शीतल पेय पदार्थ की जांच अभियान तेज

**कोरबा।** बीते कुछ समय से गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। आसमान में छाए बदली के कारण उमस का एहसास हो रहा है। भीषण गर्मी से लोगों को राहत दिलाने पानी व शीतल पेय पदार्थ की दुकानें सज गई है। कई ऐसे दुकान हैं, जहां अमानक स्तर के पानी व शीतल पेय बिक्री किए जाने की आशंका है। इस सीधा असर सेहत पर पड़ सकता है। जिसके मद्देनजर खाद्य व सुरक्षा विभाग के आयुक्त दीपक अग्रवाल ने विशेष जांच अभियान के निर्देश दिए हैं।

# टीबी को जड़ से समाप्त करने का चलाया जा रहा अभियान : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में टीबी को जड़ से समाप्त करने का अभियान स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सतत प्रयासों से प्रदेश में गांव से लेकर शहर तक टीबी की रोकथाम एवं उपचार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं तथा मरीजों के लिए निःशुल्क उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

उक्त बातें कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने विश्व क्षय दिवस के अवसर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। इस अभियान के तहत जिले में टीबी के संभावित मरीजों एवं उच्च जोखिम वाले समूहों की पहचान कर उनकी समय पर जांच एवं उपचार सुनिश्चित करना है ताकि टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सार्वजनिक उपक्रमों के सहयोग से टीबी उन्मूलन की दिशा में सशक्त अभियान चलाया जा रहा है। निक्षय निरामय मित्र जैसी पहल के माध्यम से टीबी मरीजों की पहचान एवं उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि जिले में टीबी मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है और वर्तमान में 101 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हो चुकी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि निरंतर प्रयासों से जल्द ही कोरबा जिले को पूर्णतः टीबी मुक्त बनाया जा सकेगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि टीबी के लक्षणों की प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान कर तुरंत जांच एवं उपचार कराएं। जिले के सभी शासकीय एवं निजी अस्पतालों में उपचार की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। श्री देवांगन ने टीबी मरीजों के उपचार में परिवार, समाज एवं सामाजिक संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए सभी से सहयोग करने तथा टीबी मुक्त कोरबा बनाए रखने में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को टीबी मुक्त भारत बनाने हेतु योगदान देने का शपथ दिलाया। साथ ही जिले के टीबी मुक्त घोषित पंचायतों को प्रमाण पत्र एवं गांधी प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। टीबी उन्मूलन में योगदान देने वाले सार्वजनिक उपक्रम, समाजसेवी संस्थानों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 20 टीबी मरीजों को पोषण सहयोग प्रदान करने हेतु निक्षय किट का वितरण किया गया, जिससे उनके उपचार में सहायता मिल सके।

**खास बात**

- कैबिनेट मंत्री ने टीबी मुक्त पंचायतों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को सम्मानित करते मंत्री श्री देवांगन।

### एमडी के फरमान की अनदेखी अधीक्षण यंत्री व डीई निलंबित

**कोरबा।** विगत दिनों विद्युत वितरण विभाग के एमडी ने सुदूर वनांचल क्षेत्र लेमरु और देवपहरी का दौरा किया था। इस दौरान स्थानीय अफसर को जल्द से जल्द बिजली पहुंचाने और प्रस्ताव तैयार करने का फरमान जारी किया था लेकिन इसके बाद भी स्थानीय अफसर ने प्रस्ताव बनाने में रुचि नहीं दिखाई और लगातार विलंब किया गया। जब एमडी को इस बात की सूचना मिली तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिले के अधीक्षक यांत्रिक और कटघोरा के डीई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और मामले की जांच का आदेश दिया है।

उल्लेखनीय है कि विगत 10 मार्च को प्रबंध संचालक भीम सिंह कंवर कोरबा जिले के दौरा पर थे इस दौरान उन्होंने देवपहरी स्थित गौमुखी सेवा आश्रम भी पहुंचे। आश्रम के लोगों ने उन्हें बिजली आपूर्ति और पानी की समस्या से अवगत कराया। इस पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को गौमुखी सेवा आश्रम में 200 केवीए क्षमता का ट्रांसफॉर्मर लगाने के निर्देश दिए, ताकि बिजली और पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके लेकिन जिले के अधीक्षण यंत्री बीके सरकार व कटघोरा के डीई अंशु वासने ने प्रस्ताव बनाकर ट्रांसफार्मर लगाने की दिशा पर पहल नहीं की। जब प्रबंध संचालक भीम सिंह को पुनः गौमुखी सेवा धाम के कुछ लोगों ने इसकी सूचना दी तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रस्ताव बनाने में लापरवाही व ट्रांसफार्मर नहीं लगाने की दिशा पर पहल करने वाले जिले के अधीक्षण यंत्री डीके सरकार व कटघोरा के डीई अंशु वासने को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

जाँजगीर मार्केट

**फर्नीचर**

आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।

विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टैंड डिजाईन एवं डेकोरेशन

**आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर**
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला जेल का किया निरीक्षण



**कोरबा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष शर्मा एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बंदियों से मुलाकात कर उनके मामलों की जानकारी ली तथा उनकी समस्याओं के संबंध में चर्चा की। निरीक्षण के दौरान भोजन, स्वास्थ्य परीक्षण एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। साथ ही बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, पाकशाला की साफ-सफाई, स्वास्थ्य जांच, आवासीय व्यवस्था, पेयजल, स्नानागार एवं शौचालयों की स्वच्छता का निरीक्षण किया गया। जेल परिसर में पेयजल आपूर्ति हेतु पाइपलाइन व्यवस्था तथा बंदियों से मिलने आने वाले परिजनों के लिए बाहरी परिसर में शेड की व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया। साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदान की जा रही सुविधाओं एवं जेल लीगल एड क्लिनिक का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत ऐसे बंदी जिनके पास अधिवक्ता नहीं हैं, उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में जानकारी दी गई, ताकि कोई भी बंदी न्याय से वंचित न रहे।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित

सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ

प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

**न्यायालय तहसीलदार जैजैपुर**
**जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2025-26
साकिन- चोरभट्ठी, तहसील जैजैपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सूर्यभास्कर चंद्रा पिता श्री खोलबहरा चंद्रा जाति चंद्रा साकिन चोरभट्ठी तहसील जैजैपुर जिला सक्ती छ.ग. के द्वारा उनके नाम पर ग्राम चोरभट्ठी प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. व तहसील जैजैपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 422/1 रकबा 0.15 ए. भूमि का औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने हेतु आवेदन श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती को दिये जाने पर उक्त प्रकरण इस कार्यालय को जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय की पेशी दिनांक 27.03.2026 के पूर्व अपनी दावा/आपत्ति स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः दिनांक 13.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**जैजैपुर**
**जिला सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार चांपा**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
ग्राम हथनेवरा, दिनांक 13/03/2026

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलहरण सूर्यवंशी पिता चौदस सूर्यवंशी जाति सूर्यवंशी साकिन हथनेवरा तहसील चांपा जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने पिता चौदस सूर्यवंशी के मृत्यु दिनांक 30/10/1990 स्थान पर हथनेवरा कारण से होने पर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पटवारी मय पंचनामा, शपथ पत्र सहित पेश किया है। अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30/03/2026 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित हो कर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/3/26 को न्यायालय के सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

जारी दिनांक 13/03/26
दिनांक 30/3/26

**तहसीलदार**
**चांपा**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला सक्ती (छ.ग.)**

विवाह प्रकरण क्रमांक 248/
दिनांक 13.03.2026
ग्राम- ठुठी तहसील जैजैपुर
आवेदक किशन, उम्र 27 वर्ष पिता कलाराम, जाति सतनामी निवासी ग्राम छिर्राडीह, थाना व तहसील जैजैपुर, जिला सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका अतीत मनहर उम्र 25 वर्ष पिता सुखीराम जाति सतनामी, निवासी ग्राम ठुठी, थाना व तहसील जैजैपुर, जिला-सक्ती (छ.ग.) **विरुद्ध** छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ठुठी थाना व तहसील जैजैपुर जिला-सक्ती (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक किशन, उम्र 27 वर्ष पिता कलाराम, जाति सतनामी निवासी ग्राम छिर्राडीह, थाना व तहसील जैजैपुर जिला सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका अतीत मनहर उम्र 25 वर्ष पिता सुखीराम जाति सतनामी, निवासी ग्राम -ठुठी, थाना व तहसील जैजैपुर, जिला-सक्ती (छ.ग.) द्वारा संयुक्त रूप से विशेष विवाह अधिनियम 1954 की बारा-5 के तहत् आषयित विवाह की सूचना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 17.04.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.03.2026 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला सक्ती ( छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार नवागढ़,**
**जिला जांजगीर चांपा. (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक /Q/ तह./ज.मृ. / 2026
नवागढ़ दिनांक 13/3/2026
ग्राम-सेंदरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नरेन्द्र कुमार मिश्रा पिता स्व. काशीराम जाति ब्राम्हण साकिन सेंदरी तहसील नवागढ़ व थाना पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं . 01 ग्राम सेंदरी में अपने/अपनी (रिश्ता लिखें) पिता नाम काशीराम मिश्रा के मृत्यु दिनांक 19/12/2007 को होने से मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण, पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति हो, तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 27/3/26 के पूर्व पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा /आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/3/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**नवागढ़**



# लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है : राकेश बेदी

**मुंबई।** राकेश बेदी इन दिनों फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। राकेश और उनकी सह-कलाकार सारा अर्जुन का एक वीडियो फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वह सारा के कंधे पर किस करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो पर अब राकेश ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने कहा, 'लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है। कुछ लोग तो बस कहते रहते हैं। शुक्र है, कई लोगों ने मेरा बचाव भी किया। 71 साल के मशहूर अभिनेता राकेश बेदी इन दिनों अपनी फिल्म 'धुरंधर 2' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। फिल्म ने अब तक 500 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। पिछले साल नवंबर में 'धुरंधर'के ट्रेलर लॉन्च के समय एक वीडियो वायरल हुआ था।

लाइफ Style



# अनीत
## रैंप वॉक और नए फैशन ने पिटवा दी भद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सैयारा' फिल्म में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाली अनीत पड्डा की रैंप वॉक पर लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। उनकी एक्टिंग की तो खूब तारीफ हुई, लेकिन रैंप वॉक और नए फैशन ने भद पिटवा दी।

'सैयारा' फिल्म से हर दिल पर छाने वाली एक्ट्रेस अनीत पड्डा भले ही कितनी भी टैलेंटेड क्यों न हों, लेकिन एक्टिंग के अलावा जब बात रैंप वॉक की आती है तो उनकी भद पिट जाती है। 'पेरो' के लिए शो का समापन करने वाली अनीत पड्डा अपनी रैंप वॉक के वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद ऑनलाइन चर्चा का केंद्र बन गईं। हालांकि, यह युवा एक्ट्रेस के लिए फैशन जगत में एक बड़ा पल था, लेकिन ऑनलाइन उन्हें लेकर अलग ही बातें हो रही हैं। उनके रैंप वॉक को लेकर फिर से लोग काफी कुछ कह रहे हैं। कुछ ही घंटों में, शोस्टॉपर वॉक ट्रेंडिंग टॉपिक बन गई, खासकर रेडिट और इंस्टाग्राम पर। अनीत पड्डा ने लैक्मे की 'जेन जी' एंबेसडर के रूप में एक नीले और सफेद रंग के ड्रेस में रैंप वॉक किया, जो पेरो की सिग्नेचर स्टाइल को दिखाता है। इस लुक में टेक्सचर्ड एप्लिक वर्क वाली ड्रेस के ऊपर एक क्रॉप जैकेट पहनी गई थी, जो सॉफ्ट स्ट्रक्चर, बारीक डिटेलिंग से तैयार की गई थी। यह आउटफिट ग्लैमरस ड्रामा के बजाय युवा और थोड़ा चंचल अंदाज में था, जो लेबल की डिजाइन शैली से मैच कर रहा था। हालांकि, कई लोगों को यह स्टाइल उतना पसंद नहीं आया जितना सोचा गया था।

हॉलीवुड मसाला



# रायन घोस्ट वॉर का टीजर रिलीज

**नई दिल्ली।** एंड्रयू बर्नस्टीन के निर्देशन में बनी फिल्म 'जैक रायन: घोस्ट वॉर' जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली है। इस पॉलिटिकल एक्शन-थ्रिलर फिल्म में अभिनेता जॉन क्रासिंस्की एक बार फिर से सीआईए एनालिस्ट 'जैक रायन' के रूप में धमाकेदार एक्शन करते हुए एक नए और खतरनाक मिशन पर निकले हैं। हाल ही में प्राइम वीडियो ने इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें जैक रायन एक बार फिर से अपने पुराने फॉर्म में नजर आ रहे हैं।



# स्लॉटरहाउस-फाइव से की कॅरियर की शुरुआत...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री वैलेरी पेरिन के निधन से उनके फैंस आहत हैं। उनकी दोस्त ने उनके निधन की जानकारी देते हुए, उनकी अंतिम इच्छा के बारे में भी बताया है। दिग्गज अभिनेत्री वैलेरी पेरिन का 82 साल की उम्र में निधन हो गया। वो लेनी और 'सुपरमैन'जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती थीं। टेक्सास के गैल्वेस्टन में जन्मीं पेरिन ने फिल्म 'स्लॉटरहाउस-फाइव' से अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की। उनकी मां एक डांसर थीं और उनके पिता अमेरिकी सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल थे। वह दो बार प्लेबॉय मैगजीन में भी नजर आईं और 1973 में ब्रूस जे फ्रेडमैन के नाटक 'स्टीमबाथ' के पीबीएस प्रसारण के दौरान जानबूझकर न्यूड अमेरिकी टेलीविजन पर दिखाई देने वाली पहली अभिनेत्री के रूप में सुर्खियों में आईं।



# देसी गर्ल का ब्लैक ड्रेस में दिखा स्वैग...

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा ने मिलान में आयोजित एक इवेंट में शिरकत की। जहां पर प्रियंका के अलावा हॉलीवुड स्टार ऐनी हैथवे और दुआ लिपा के अलावा कई स्टार्स ने अपने लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में एक इवेंट में शिरकत की। इस दौरान प्रियंका ने ब्लैक स्ट्रैपलेस गाउन और स्लीक बन हेयरस्टाइल के साथ चमचाती ज्वेलरी में एक नया ट्रेंड सेट कर दिया है। इस इवेंट में प्रियंका के अलावा कई हॉलीवुड अभिनेत्रियां भी नजर आईं। यह पूरा इवेंट फैशन और ग्लैमर से भरा हुआ था, जिसमें हर कोई अपनी स्टाइल से सबका ध्यान खींच रहा था। हाल ही में एक ज्वेलरी ब्रांड ने इटली के मिलान शहर में अपना नया हाई-एंड कलेक्शन लॉन्च किया। यह इवेंट इतना शानदार था कि पूरा कार्यक्रम रेड कार्पेट जैसा लग रहा था।



# पैपराजी ने बहन को समझ लिया बीबी

**मुंबई।** फरदीन खान का एक वीडियो इस वक्त काफी चर्चा में है जिसमें उनके साथ नजर आ रही लेडी को लोग उनकी पत्नी बता रहे हैं। सोमवार को मुंबई में एक अवॉर्ड फंक्शन में पपाराजी के सामने पोज़ देते हुए फरदीन खान ने फाइनली लोगों की कन्फ्यूजन को दूर किया। दोनों कैमरे पर काले रंग के लिबास में ट्विनिंग करते दिखे। साथ में पोज़ देते हुए लोगों ने जिन्हें फरदीन खान की पत्नी बताया, उनके बारे में एक्टर ने कहा- ये बहन है, बीवी नहीं है। दरअसल, इस मौके पर फरदीन अपनी बहन लैला खान के साथ नज़र आए। पैपराजी ने लैला को फरदीन की पत्नी समझ लिया। फरदीन एक वीडियो में उनकी इसी गलती को सुधारते दिख रहे हैं। वीडियो में फरदीन कहते दिख रहे हैं, 'ये बहन है मेरी, बीवी नहीं।

टीवी मसाला



# इन कलाकारों ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' टीवी के सबसे मशहूर शोज में से एक है। यह पिछले 18 वर्षों से दर्शकों की पसंद बना हुआ है। कई मशहूर कलाकारों ने किसी वजह से इस शो को छोड़ दिया। कुछ कलाकारों को कहीं काम नहीं मिला, कुछ ने खुद काम नहीं किया है। मोनिका भदौरिया ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के मेकर्स पर टॉर्चर करने और बुरा बर्ताव करने का इल्जाम लगाया था। इसके बाद उन्होंने शो से दूरी बना ली। इसके बाद वह किसी शो का हिस्सा नहीं बन सकीं। इन दिनों वह सोशल मीडिया पर अपने फोटो और वीडियो शेयर करती हैं। जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल ने प्रोड्यूसर असित मोदी पर संगीन इल्जाम लगाए थे। इसके बाद उन्होंने शो को अलविदा कह दिया था। शो छोड़ने के बाद उन्हें काम नहीं मिल रहा। बताया जाता है कि वह अपने करियर के बुरे दौर से भी गुजरीं। अब वह सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर हैं। वह फनी वीडियो बनाती हैं। दिशा वकानी यानी दयाबेन ने साल 2017 में मैटरनिटी लीव के लिए 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से ब्रेक लिया था। वह दो बच्चों की मां बन गईं। हालांकि उन्होंने दोबारा शो नहीं ज्वाइन किया। फिल्हाल वह एक्टिंग से दूर हैं। वह बच्चों और घर को संभाल रही हैं। गुरुचरण सिंह ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को 2018 में अलविदा कहा था। उन्होंने अपने पिता की देखभाल के लिए ब्रेक लिया था। इसके बाद वह किसी शो का हिस्सा नहीं बन पाए। इन दिनों वह दिल्ली में एक रेस्टोरेंट चला रहे हैं। शो में शैलेश लोढ़ा ने तारक मेहता का रोल प्ले किया था। उनके भी असित मोदी के साथ रिश्ते खराब हो गए थे। मेकर्स के साथ फीस को लेकर उनकी अनबन हो गई थी। शो छोड़ने के बाद उन्होंने दूसरे शो 'वाह भाई वाह' को होस्ट किया।

## द ट्रेटर्स के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू

**नई दिल्ली।** करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के दूसरे सीजन की शूटिंग राजस्थान में शुरू हो गई है। इस हाई-स्टेक वाले साइकोलॉजिकल रियलिटी फॉर्मेट के लिए कंटेस्टेंट्स का एक नया ग्रुप जैसलमेर पहुंच गया है। यह शो मशहूर पार्टी गेम 'माफिया' पर आधारित है। इस बार 'द ट्रेटर्स सीजन 2' में कई 'बिग बॉस' विनर्स हिस्सा लेने वाले हैं। इसमें एल्विश, श्वेता तिवारी, मुनव्वर फारूकी से लेकर रुबीना दिलैक तक के नाम हैं। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जाता है 'द ट्रेटर्स 2' की शूटिंग लगभग 14 दिनों तक चलेगी। रिपोर्ट में 'द ट्रेटर्स सीजन 2' के कई अन्य कंटेस्टेंट्स के नाम का खुलासा किया गया है। इनमें 'बिग बॉस' से अथाह शोहरत पाने वाले यूट्यूबर अभिषेक मल्हान का भी नाम है।



# इस हफ्ते रिलीज होंगी हेल मैरी समेत ये हॉलीवुड एक्शन और थ्रिलर फिल्में



**मुंबई।** बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' रिलीज हो चुकी है। मगर आने वाले हफ्ते में हॉलीवुड में भी एक के बाद एक हाई ऑक्टेन एक्शन और थ्रिलर फिल्में रिलीज होने वाली है। जिनमें से एक का दर्शक काफी समय से इंतजार कर रहे थे।

**दे विल किल यू** : फिल्म 'दे विल किल यू' एक एक्शन, कॉमेडी फिल्म है। जिसमें एक पूर्व कैदी महिला का किरदार दिखाया है। वह एक हाउसहेल्प की जॉब के लिए न्यूयॉर्क शहर के रहस्यमय इलाके में पहुंचती है। जहां लोगों के गायब होने की घटनाएं घट रही हैं। वहां जा कर एशिया रीव्स के साथ बहुत कुछ अप्रत्याशित होता है। कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म में जाजी बीट्ज, मायहाला, पैटरसन जोसेफ, टॉम फेल्टन मुख्य किरदार हैं।

**फॉर्बिड्डन फ्रूट** : 'फॉर्बिड्डन फ्रूट' एक कॉमेडी हॉरर फिल्म है। कहानी में एप्पल, चेरी और फिग नाम की जादूगरनियों साथ मिलकर अपना एक ग्रुप चलाती हैं। बाद में पम्पकिन नाम का एक किरदार उनसे जुड़ जाती है। जिसके बाद उन सब के बीच अफरा- तफरी मचा देती है। इस किरदार के आने से उन सब के बीच संदेह पैदा हो जाता है। फिल्म 27 मार्च को रिलीज होने वाली है। लिली रेनहार्ट, लोला टंग, विक्टोरिया पेड्रेटी, एलेक्जेंड्रा शिप, एम्मा चेम्बरलेन इस फिल्म में अहम भूमिका में नजर आएंगे।

**शी डांसेस** : शी डांसेस बहुत ही मार्मिक विषय पर बात करती है। पिता और बेटी के रिश्ते पर बेस्ड इस फिल्म में एक सिंगल पिता अपनी टीन एज बेटी से पहली मुलाकात करता है। जिसके बाद अपने और बेटी के संबंध सुधारने के लिए उसके साथ एक नृत्य प्रतियोगिता में उसे साथ ले जाने का फैसला करता है। यह कॉमेडी ड्रामा फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी। एथन हॉक, सोनेक्वा मार्टिन-ग्रीन, मैकेंजी ज़िग्लर, रोजमेरी डेविट कास्ट में हैं। फिल्म को रिक गोमेज ने निर्देशित किया है।

**द एआई डॉक: या हाउ आई बिकेम एन एपोकालोप्टिमिस्ट** : साइंस और एआई में रूचि रखने वालों के लिए यह फिल्म काफी इंट्रेस्टिंग है। डैनियल रोहर एक ऐसे समय में पिता बनना चाहता है जब एआई मानव जीवन पर हावी है। इस क्रम में वो एआई के दोनों पहलुओं को देखता है। सिर्फ यह जानने के लिए कि वो किस वातावरण में अपने बच्चे का स्वागत करेगा। द एआई डॉक एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म है जिसका निर्देशन खुद डैनियल रोहर ने चार्ली टायरेल के साथ मिलकर किया है।

# रैपर बादशाह ने ईशा के साथ गुपचुप तरीके से रचाई शादी



*मुंबई। चर्चित सिंगर और रैपर बादशाह ने शादी रचा ली है। बादशाह की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सिंगर ने ईशा रिखी के साथ गुपचुप तरीके से शादी रचाई है। यह बादशाह की दूसरी शादी है। इससे पहले उन्होंने जैस्मिन मसीह से शादी की थी। हालांकि, छह साल पहले दोनों का तलाक हो चुका है। अब ईशा के साथ उन्होंने जिंदगी का नया सफर शुरू किया है। बादशाह जहां म्यूजिक की दुनिया का बड़ा नाम हैं, वहीं उनकी दुल्हनिया ईशा रिखी का सिक्का अभिनय की दुनिया में चलता है। वे मॉडल और एक्ट्रेस हैं। ईशा रिखी का जन्म 9 सितंबर 1993 को चंडीगढ़ में हुआ था। उनकी स्कूलिंग चंडीगढ़ से ही हुई है। वहीं, से पंजाब यूनिवर्सिटी से बैचलर डिग्री हासिल की। 12वीं क्लास में ईशा ने मॉडलिंग शुरू कर दी थी।*

## 1978 के बाद बदला स्टारडम का पूरा गेम

# बिग बी की वो फिल्में, जिन्होंने छीन ली थी काका की नींद

*नई दिल्ली। 70 का दशक बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना के लिए एक सपने जैसा था, लेकिन अमिताभ बच्चन की लगातार 20 सफल फिल्मों ने इसे एक डरावनी सच्चाई में बदल दिया। 1973 की 'जंजीर' से शुरू हुआ यह ट्रेंड 1978 की 'मुकद्दर का सिकंदर' तक बॉलीवुड को पूरी तरह से बदल चुका था। इन फिल्मों की सफलता ने राजेश खन्ना के मन में स्टारडम खोने का ऐसा डर पैदा कर दिया।*

### एंग्री यंग मैन

अमिताभ बच्चन की उन 20 लैंडमार्क फिल्मों ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस के समीकरण बदले, बल्कि राजेश खन्ना के 'चॉकलेटी रोमांस' के दौर को भी खत्म कर दिया और 'एंग्री यंग मैन' के सुनहरे दौर की शुरुआत की। कहानी शुरू होती है 1973 से, जब राजेश खन्ना बॉक्स ऑफिस पर छाए हुए थे। लेकिन फिर, 'जंजीर' से पुलिस की वर्दी पहने एक 'एंग्री यंग मैन' ने ऐसी धूम मचाई कि पूरा सिस्टम हिल गया।

### घर-घर में हो गए मशहूर

इसके तुरंत बाद, ऋषिकेश मुखर्जी की 'नमक हराम' आई, जिसमें राजेश खन्ना के सामने खड़े अमिताभ ने शो चुरा लिया और कहा जाता है कि तभी पहली बार 'काका' को अपना स्टारडम खोने का डर सताने लगा। उसी साल अमिताभ ने अभिमान में एक कलाकार के ईगो की कहानी कहकर दर्शकों के दिलों में गहरी जगह बनाई. अगले दो सालों में अमिताभ बच्चन ने थ्रिलर और ड्रामा का कॉकटेल पेश किया, जिससे वह मजबूर, कसौटी और बेनाम जैसी फिल्मों से घर-घर में मशहूर हो गए।



### बॉलीवुड का बेताज बादशाह

आखिरकार, 1978 वह 'गोल्डन ईयर' बन गया जिसने पूरी तरह से खेल बदल दिया। 'डॉन' के रूप में, उन्होंने अंडरवर्ल्ड का ऐसा अकड़ दिखाया कि दुनिया दीवानी हो गई, जबकि त्रिशूल में अपने पिता के खिलाफ खड़े एक बागी बेटे के रूप में उनकी दहाड़ ने राजेश खन्ना की बची-खुची हिम्मत को चकनाचूर कर दिया। उसी साल कसमे वादे में अमिताभ बच्चन के डबल रोल और मुकद्दर का सिकंदर में उनके बलिदान, जिसमें सिकंदर जोहराबाई के कोठे पर मर जाता है, ने अमिताभ बच्चन को बॉलीवुड का बेताज बादशाह बना दिया।

### एक्टिंग की वर्सटैलिटी दिखाया

*1975 वह साल था जिसने बॉलीवुड के इतिहास को बांट दिया। एक तरफ 'दीवार' में अमिताभ बच्चन के 'आज खुश तो बहुत होगे तुम' ने राजेश खन्ना के 'चॉकलेट रोमांस' के ताबूत में आखिरी कील ठोक दी, तो दूसरी तरफ 'शोले' की सुनामी ने उन्हें 'सिक्का उछालने वाले' के तौर पर स्थापित कर दिया। उसी साल 'जमीर' और 'मिली' जैसी फिल्मों ने उनकी एक्टिंग की वर्सटैलिटी को दिखाया। 1970 के दशक के आगे बढ़ने के साथ, राजेश खन्ना को सोलो फिल्में पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, जबकि अमिताभ बच्चन ने मल्टी-स्टारर फिल्मों के साथ बॉक्स ऑफिस पर राज किया।*

### बैक-टू-बैक हिट फिल्में

*दो अनजाने में बदले की आग और हेरा फेरी की मस्ती ने उन्हें युवाओं का पसंदीदा बना दिया। फिर 1977 में अमर अकबर एंथनी ने कॉमेडी और कमर्शियल सिनेमा के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इसने परवरिश, खून पसीना और अदालत जैसी बैक-टू-बैक हिट फिल्मों के साथ, राजेश खन्ना को एहसास दिलाया कि वह दौर जब सिर्फ 'गर्दन टेढ़ी करके मुस्कुराने' से फिल्में बन जाती थीं, अब खत्म हो गया है।*

## खबर संक्षेप

### पोड़ीशंकर चौक में लगाया प्याऊ, लोगों को मिल रहा शीतल जल



**बम्हनीडीह।** चैत्र नवरात्रि पर व्यापारी सेवा समिति, राहौद द्वारा फिल्टर युक्त वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए शुरू की गई इस पहल से राहगीरों, आम नागरिकों एवं पशु-पक्षियों को बड़ी राहत मिलेगी। नगर के प्रमुख स्थल एस.के. कॉम्प्लेक्स, आलोक मोबाइल के पास स्थापित इस प्याऊ का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि व्यापारी सेवा समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में इस प्रकार की व्यवस्था की जाती है, जिससे राहगीरों, मजदूरों एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही गौ माता एवं अन्य पशु-पक्षियों के लिए भी पानी की समुचित व्यवस्था की जा रही है।

### पीएम-आशा योजना के तहत दलहन-तिलहन फसलों खरीद के लिए पंजीयन 31 तक

**सक्ती।** प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान" (पीएम-आशा) के तहत दलहन-तिलहन फसल के उपार्जन हेतु प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत शासन द्वारा अधिसूचित समितियों के द्वारा दलहन एवं तिलहन के फसलों की खरीदी की जायेगी। प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) अंतर्गत दलहन एवं तिलहन फसलों के उपार्जन हेतु सक्ती जिले में केंद्रीय एजेंसी नाफेड के माध्यम से समितियों (रगजा, मालखरौदा, बेल्हाडीह, पीहरिद, जैजैपुर एवं कोटमी) को अधिसूचित किया गया है। इन समितियों के माध्यम से कृषक दलहन व तिलहन फसलों के उपार्जन समर्थन मूल्य में विक्रय कर सकेंगे। योजनान्तर्गत कृषकों का पंजीयन ई-उपार्जन पोर्टल में पंजीयन होना अनिवार्य है। पंजीयन के दौरान आधारकार्ड, ऋण पुस्तिका की फोटोकॉपी, बी 1, खसरा, फसल विवरण, बैंक पास बुक की फोटोकॉपी, इत्यादि पंजीयन आवश्यक है। जिन कृषकों के बैंक में निर्यातक दलहन व तिलहन फसल का पंजीयन हुआ है वही कृषक इस योजना में उपार्जन कर सकेंगे। कृषकों का पंजीयन दिनांक 31 मार्च अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

### आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा, आवेदन 17 अप्रैल तक

**सक्ती।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की सूचना जारी कर दी गई है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लेट तथा एनडीए जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 17 अप्रैल तक निर्धारित की गई है तथा प्राक्चयन परीक्षा की तिथि 10 मई को निर्धारित की गई है। उक्त संबंध में आवेदन पत्र एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट के माध्यम से तथा जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### राज्य दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड के सदस्य बने दुजेराम ज्योति



**पामगढ़।** निः शक्त जन कल्याण सेवा समिति पामगढ़ द्वारा संचालित दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ आवासीय विद्यालय पामगढ़ के संचालक दूजेराम ज्योति को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड में सदस्य नियुक्त किया गया है। दुजेराम ज्योति का यह मनोनयन उनके दीर्घकालीन सामाजिक सेवा, समर्पण एवं विशेष रूप से दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा एवं उनके सशक्तिकरण हेतु किये गये निरंतर प्रयासों का परिणाम है।दिव्यांगजनों को समान अवसर, समान सम्मान एवं अधिकार दिलाने के लिए सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है। इस अवसर पर डमरु प्रसाद मनहर, विभीषण पात्रे, लव तिवारी, दिनेश थवाईत, राम गिलास खूंटे, बसंत कुर्रे, सुखसागर ओग्रे, कलाराम बघेल, श्रीराम लहरे, गुहाराम खूंटे, कृष्णा रात्रे, हरप्रसाद साहू, शनि सूर्यवंशी,सुरेश तिवारी, अश्वनी बंजारे, टिंकू जांगड़े, त्रिलोकी कांत,सुकदेव यादव, मनोज रात्रे, अयूब अली,पीयूष ज्योति, आयुष ज्योति, गांगे, रामस्नेही, राजकिरण ने हर्ष व्यक्त किया।

### ओबीसी मोर्चा पामगढ़ मंडल के उपाध्यक्ष बने गंगाराम चंदेल



**राहौद।** भारतीय जनता पार्टी के पामगढ़ मंडल पिछड़ा वर्ग मोर्चा कार्यसमिति की घोषणा हुई। मंडल कार्यसमिति में नपं राहौद के निवासी गंगाराम चंदेल को मंडल उपाध्यक्ष जिम्मेदारी मिली है। श्री चंदेल पूर्व में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा में विशेष आमंत्रित सदस्य रह चुके हैं। कार्य समिति की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अशोक अशोक साहू,भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े के निर्देशानुसार एवं जिला अध्यक्ष नरेंद्र कौशिक,मंडल अध्यक्ष यशवंत साहू , पामगढ़ पिछड़ा वर्ग मोर्चा की सहमति से किया। गंगाराम चंदेल के उपाध्यक्ष बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।

## नवरात्रि पर्व को लेकर देवी मंदिरों में भक्तों का तांता

# सप्तमी पर हुई कालरात्रि की पूजा, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शक्ति उपासना का पर्व नवरात्रि को लेकर अंचल का माहौल पूरी तरह से भक्तिमय हो गया है। जिले के प्रसिद्ध देवी मंदिरों के अलावा शहर सहित आसपास के माता के मंदिरों में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। सप्तमी पर तो प्रसिद्ध देवी मंदिरों में सुबह से रात तक भक्तों का तांता लगा रहा। यहां विधि विधान से माता की कालरात्रि स्वरूप की पूजा अर्चना हुई।

नवरात्रि पर्व को लेकर जिला मुख्यालय जांजगीर के प्रमुख मंदिरों के अलावा मनका दाई मंदिर खोखरा, हरदी महामाया, केरा चण्डी मंदिर, चांपा समलाई मंदिर और मदनलपुरगढ़, सरई श्रृंगार, अन्नधरी मंदिर, जांजगीर के देवी दाई मंदिर में भक्तों की भीड़ रोज लग रही है। सप्तमी पर बुधवार 25 मार्च को कालरात्रि की पूजा हुई। इसको लेकर मंदिरों में सुबह से रात तक भक्तों की कतार लगी रही।



सप्तमी पर जांजगीर के देवी दाई मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

इसी तरह सक्ती जिले के चंद्रपुर स्थित चंद्रहासिनी, अष्टभुजी अड़भार और सक्ती महामाया में भक्तों की भीड़ रही। इसके अलावा शहर से लेकर गांव देहात में स्थित माता के मंदिरों में पूजा अर्चना का कार्यक्रम सुबह से शाम तक चल रहा है। सप्तमी पर मंदिरों में देर रात तक भक्तों की कतार लगी रही।

### चण्डी मंदिर कोडाभाट में जगमगा रही आस्था की ज्योति



**पामगढ़।** चैत्र नवरात्रि पर चण्डी मंदिर कोडाभाट में आस्था की :ज्योति जगमगा रही है। प्रतिदिन ग्रामीण बड़ी संख्या में देवी के दर्शन करने पहुंच रहे है। इस संबंध में पामगढ़ विकासखण्ड अंर्तगत मां चंडी मंदिर कोड़ाभाट के मुख्य आचार्य पं योगेश्वरानंद योगेश उपाध्याय ने कहा कि वर्ष में चार कुल नवरात्रि पर्व मनाया जाता है जिसमें दो प्रत्यक्ष क्वांर नवरात्र और चैत्र वासंती नवरात्र वहीं आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा और माघ मास में नवरात्रि का गुप्त पर्व होता है। जहां विधि विधान से पूजा अर्चना होती है। इस समय चैत्र शुक्ल प्रतिपदा-से प्रारंभ नवरात्रि पर्व में प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से देवी दूर्गा सप्तशती पाठ और पूजन के साथ भव्य आरती की जा रही है। इस बार मंदिर में कुल 180 मनोकामना तेल ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हो रही है। यज्ञाचार्य पं योगेश नंदू सहयोगी सहित बैगाओं द्वारा ज्योति कलश की देखभाल की जा रही है। इस संबंध में मां चंडी देवी विकास समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह,बालाजी सिंह, राजेश सिंह, अरविंद सिंह, धीरेन्द्र सिंह,फिरन केंवट, पुरूषोत्तम यादव,नवीन सिंह,मंझला श्रीवास सहित समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं। मां चंडी मंदिर दरबार में राम भक्त हनुमान और शनिदेव की प्रतिमा विराजित की गई है।

# नगर विकास में उत्कृष्ट कार्य के लिए पालिकाध्यक्ष सीएमओ का डिप्टी सीएम ने किया सम्मान

## नगर पालिका की टीम ने आपसी समन्वय बनाकर किया कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

नगर विकास को लेकर किए गए उत्कृष्ट कार्य को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ को डिप्टी सीएम अरूण साव ने सम्मानित किया है। पालिका प्रशासन ने पेयजल, स्वच्छता एवं स्ट्रीट लाइट को लेकर बेहतर कार्य किया है।

गौरतलब है कि नगर के समग्र विकास और मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ क्रियान्वयन को लेकर सक्ती नगर पालिका को सम्मान प्राप्त हुआ है। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल एवं सीएमओ प्रहलाद पांडेय को नगरीय प्रशासन मंत्री एवं डिप्टी सीएम अरुण साव के हाथों सम्मानित किया गया। यह सम्मान बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रदान किया गया, जिसमें प्रदेश के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों को सम्मानित किया गया। सक्ती नगर पालिका को स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई और राजस्व संकलन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन के लिए यह सम्मान मिला है। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, जो नगर पालिका के दो बार के अध्यक्ष रह चुके हैं, उनकी लगन, मेहनत और अनुभव का ही यह सकारात्मक परिणाम माना जा रहा है। उनके कुशल नेतृत्व में नगर विकास को नई दिशा मिली है, जिससे आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि यह सम्मान पूरी टीम के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका के कर्मचारियों की लगन, मेहनत और जिम्मेदारी से किए गए कार्यों का ही यह फल है, जिससे नगर को यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। जिला मुख्यालय होने के कारण सक्ती नगर पालिका के सामने अनेक चुनौतियां रही हैं, लेकिन नगर पालिका की टीम ने समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करते हुए जनहित में उत्कृष्ट कार्य किए हैं।इस उपलब्धि से नगरवासियों में हर्ष का माहौल है और इसे सक्ती नगर के लिए गर्व की बात माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि सक्ती नगर पालिका को स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई और राजस्व संकलन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन के लिए यह सम्मान दिया गया है। बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें यह सम्मान मिला है।



डिप्टी सीएम के हाथों सम्मान प्राप्त करते पालिकाध्यक्ष व सीएमओ।

# तहसील अधिवक्ता संघ चांपा में नवनिर्मित अधिवक्ता कक्ष का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

तहसील अधिवक्ता संघ चांपा में नवनिर्मित अधिवक्ता कक्ष का लोकार्पण समारोह तहसील परिसर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 1 श्रीमती नम्रता नोरगे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर–चांपा के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य जी.के. गुजराल एवं डीबी वेंचर्स चांपा के डायरेक्टर धीरेन्द्र बाजपेई विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। दीप प्रज्वलन व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती नम्रता नोरगे एवं उपस्थित विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया। इसके पश्चात नवनिर्मित अधिवक्ता कक्ष का फीता काटकर विधिवत लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने अधिवक्ताओं को नवीन कक्ष की सौगात मिलने पर बधाई दी और इसे न्यायिक कार्यों के सुचारु संचालन में सहायक बताया। अतिथियों ने कहा कि बेहतर अधिवक्ता कक्ष से अधिवक्ताओं को सुविधाजनक वातावरण मिलेगा। आमंत्रित अतिथियों सहित बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया। चांपा तहसीलदार प्रशांत पटेल, नायब तहसीलदार श्री मार्बल, उप पंजीयक चांपा, तहसील अधिवक्ता संघ अध्यक्ष भीमन थवाईत, सचिव प्रहलाद राठौर, पूर्व अध्यक्ष विजय पटेल सहित वरिष्ठ अधिवक्ता डी.पी. अग्रवाल, नरेशधर दीवान, महेंद्र गुप्ता, ओमप्रकाश देवांगन, महावीर प्रसाद सोनी, रामखिलावन यादव, मनोज जायसवाल, रामकुमार कछुवाहा, शिवकुमार तिवारी, योगेश दुबे व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता महावीर प्रसाद सोनी द्वारा किया गया।



नवनिर्मित अधिवक्ता कक्ष का लोकार्पण करते अतिथि।

# जांघ में घुसी बंदूक की गोली, डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांघ में फंसी बंदूक की गोली को सिम्स के डॉक्टरों ने सफलतापूर्वक निकालकर मरीज का पैर बचा लिया। यह ऑपरेशन अत्यंत जटिल था, क्योंकि गोली महत्वपूर्ण रक्त वाहिकाओं के बेहद करीब फंसी हुई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पंकज कश्यप को 23 मार्च को जांघ में गोली लगने के बाद गंभीर अवस्था में सिम्स में भर्ती कराया गया। व्यास नगर, पामगढ़ से रेफर होकर पहुंचे इस मरीज की स्थिति चिंताजनक थी, जिसे देखते हुए डॉक्टरों ने तत्काल इलाज शुरू किया। पैर हड्डी रोग विभाग के डॉ. तरुण सिंह ने बताया कि मरीज की स्थिति गंभीर थी और शरीर में गोली का बने रहना संक्रमण और अन्य जटिलताओं को जन्म दे सकता था। ऐसे में बिना विलंब किए इमरजेंसी सर्जरी का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि गोली जांघ की प्रमुख रक्त नसों के बेहद पास फंसी हुई थी, जिससे ऑपरेशन काफी चुनौतीपूर्ण हो गया था। पूरी सावधानी और तकनीकी दक्षता के साथ सर्जन टीम ने बुलेट को बाहर निकाल लिया। जटिल ऑपरेशन को सफल बनाने में सर्जन टीम के साथ एनेस्थीसिया और नर्सिंग स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सर्जन टीम में डॉ. तरुण सिंह, डॉ. प्रमोद, डॉ. शशांक और डॉ. रौनक शामिल रहे। एनेस्थीसिया टीम में डॉ. मिल्टन और डॉ. प्रशांत का सहयोग रहा। वहीं नर्सिंग स्टाफ में शोभना, प्रीति और घूरई ने पूरी तत्परता से अपनी जिम्मेदारी निभाई। मरीज अब पूरी तरह सुरक्षितसफल ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर है।



धायल मरीज के साथ डॉक्टरों की टीम।

# नरियरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 356 मरीजों ने उठाया लाभ



**अकलतरा।** जेएसडब्ल्यू एमपीसीएल के द्वारा नगर पंचायत नरियारा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन कंपनी प्रबंधन के द्वारा सीएसआर के अंतर्गत किया गया। शिविर में त्वचा रोग, सामान्य रोग, नेत्र रोग एवं महिला रोग विशेषज्ञ सहित विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कुल 356 नगरवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।कार्यक्रम का शुभारंभ कंपनी के प्रतिनिधि जितेंद्र त्रिपाठी एवं अभिषेक शर्मा द्वारा नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों के साथ दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत नरियरा की अध्यक्ष श्रीमती राधिका सहगल, उपाध्यक्ष राजेश दुबे सहित पार्षद विनीत नोरगे, मनोज साहू, अजय नेगी, राकेश साहू, संजय सिंह, अविनाश सिंह एवं दरबार महिपाल उपस्थित थे

# सड़क हादसे में घायल युवक को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ तालदेवरी

सडक हादसे में घायल युवक को अस्पताल पहुंचाकर युवक ने मानवता की मिसाल पेश की है। मामला बिर्रा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार देर शाम विक्रम भाट पिता हिरा लाल भाट उम्र 34 सड़क दुघर्टना में घायल हो गया था। जिसे बिर्रा क्षेत्र के साहिल राज लहरे में घायल युवक को अस्पताल पहुंचा कर उसका इलाज करा कर उसकी जान बचाई। युवक के सिर, पैर, चेहरे पर चोटें आई है। घायल युवक ने बताया की वह बिर्रा से अपने घर तालदेवरी मोटरसाइकिल से आ रहा था इसी दौरान उसके गाड़ी के सामने गाय आ गई और वह गाय से टकराकर घायल हो गया। साहिल राज लहरे और उनके दोस्त सूर्या आगरे एवं शुभम मनहर के द्वारा अपने निजी वाहन से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह अस्पलात पहुचाया गया और प्राथमिक उपचार कराया। मानवता सबसे बड़ी है जब भी रास्ते मे कभी कोई एक्सीडेंट होती है तो हमे अनदेखा नही करना चाहिए बल्कि यथा शीघ उनकी मदद करनी चाहिए, ताकि समय पर उपचार होने से उसकी जान बच सके।



घायल को अस्पताल ले जाते युवक।

### टीचर्स एसोसिएशन की बैठक में आंदोलन की रणनीति बनाने चर्चा

**पामगढ़।** टीचर्स एसोसिएशन आफ इंडिया की बैठक बुधवार को पामगढ़ में रखी गई थी। बैठक में टेट अनिवार्यता के मुद्दे को लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान में आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने पर सहमति बनी। 25 मार्च को टिचर्स एशोसिएशन आफ इंडिया पामगढ़ की बैठक प्राथमिक शाला इंदिरा आवास पामगढ़ में रखी गई। जिसमें पामगढ़ के सभी शिक्षक साथियों ने टेट अनिवार्यता के मुद्दे को लेकर 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने पर आपसी सहमति बनी और आंदोलन में शामिल होकर हरसंभव सहयोग प्रदान करने की बात कही। बैठक में प्रमुख रुप से हरिश कुमार गोपाल जिला संचालक, अजय मधुकर, सत्येंद्र सिंह ब्लॉक संचालक, खमेलाल धीवर, राजेश कश्यप, महेन्द्र कुमार दिव्य, प्रवचन खूंटे, संजय महिपाल, सुखसागर सायतोण्डे, जोइधाराम ताम्रकार, कमलेश साहू, कुंजल सिंह कंवर, राजकमल साहू, शैलेन्द्र कुमार मरावी, रुपराम साहू, पूनीबाई काठले,गणेशी बंजारे, सहेतरिन देवांगन, अनिता सूर्यवंशी आदि शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

## विश्व क्षय दिवस पर 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का हुआ शुभारंभ

# टीबी मुक्त पंचायत घोषित सरपंचों को प्रमाण देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पूजा अग्रवाल के मार्गदर्शन में विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिले में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में किया गया। इस वर्ष की थीम यस वी कैन एंड टीबी, लीड बाई कंट्री, पावर्ड बाय प्यूपल रही।

इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि टीबी एक गंभीर बीमारी है, लेकिन इसका समय पर इलाज संभव है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि लक्षण नजर आते ही तुरंत जांच कराएं और टीबी मुक्त अभियान में सहयोग करें। इस अवसर पर वर्ष 2023 एवं 2024 में टीबी मुक्त पंचायत घोषित ग्रामों के सरपंचों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही वेदांता पावर प्लांट के सहयोग से टीबी मरीजों को पोषण किट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, अपर कलेक्टर बालेश्वर राम, अपर कलेक्टर के एस पैंकरा तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रथ रवाना विश्व क्षय दिवस पर टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ नगर पालिका परिषद सक्ती अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। इस अवसर पर जिला क्षय अधिकारी डॉ. संत राम सिदार, डॉ. सुदर्शन भारद्वाज, पीएमटीबीएम कंसल्टेंट दीक्षा पुरी, जिला कार्यक्रम समन्वयक विनोद राठौर, एस्टेब्लिशमेंट शाखा के प्रतिनिधि, जिला आयुष्मान समन्वयक सलमान खान, एसटीएस श्रीमती मीना मरकाम, टीबी निरीक्षक ओम प्रकाश धीवर सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



मरीजों को पोषण कीट का वितरण करते अतिथि।

